8 ए की मात्रा (े)



सेब

पेड़

शेर



केले

समझिए और पढ़िए। Understanding and Reading Skills



शेर	बेर	रेल	तेल
केला	मेला	ठेला	बेला
मेरठ	रेशम	केसर	जेवर

बोलिए और अंतर समझिए। Understanding and Speaking Skills

जल	जेल	सब	सेब	बल	बेल
तल	तेल	खल	खेल	जब	जेब

अध्यापन संकेत : यह मात्रा वर्ण की खड़ी पाई पर ही लगती है। जैसे–सेब (×) सेब (✓) शेर (×) शेर (✓) मेरठ (×) मेरठ (✓)।

Scanned with CamScanner

मीठे जामुन

सवेरा हुआ। रेशमा, केशव मिले। रमेश जामुन के पेड़ पर चढ़ा। सबने मीठे जामुन मज़े से खाए। रेशमा पके केले लाई। सभी ने केले खाए। केशव ने छिलके सड़क पर गिराए। रमेश ने समझाया। छिलके कूड़ेदान के भीतर ही डालने चाहिए। तभी तुम सब समझदार कहलाओगे।

आइए अभ्यास करें। Comprehension Skills

1. बताइए और एक शब्द में उत्तर दीजिए।

(क) रमेश किसके पेड़ पर चढ़ा? ____________

(ख) केशव ने छिलके कहाँ गिराए? ____________

(ग) छिलके कहाँ डालने चाहिए? ____________

(घ) रेशमा क्या लाई? ____________

2. सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए।

(क) केशव जामुन के पेड़ पर चढ़ा। ◯

(ख) सबने मीठे जामुन मज़े से खाए। ◯

(ग) रेशमा पके सेब लाई। ◯

(घ) छिलके कूड़ेदान के भीतर डालने चाहिए। ◯

Scanned with CamScanner

3. चित्रों को उनके उचित नाम के साथ रेखा खींचकर मिलाइए।



मेज़

रेलगाड़ी

भेड़

पेट



आइए बातचीत करें।

Life Skills

1. हमें केले के छिलके सड़क पर क्यों नहीं फेंकने चाहिए?
2. बहुत से लोग खाने की चीज़ें खाकर उनके छिलके सड़क पर, बस में, रेलगाड़ी में फेंक देते हैं। क्या आपको यह ठीक लगता है? क्यों?

आइए कुछ करें।

Creative Skills

1. सही जगह पर (✓) का निशान लगाइए।

फल	छीलकर खानेवाले	बिना छीले खानेवाले	फल	छीलकर खानेवाले	बिना छीले खानेवाले

2. रेलगाड़ी के डिब्बों में बैठे जानवरों के नाम का पहला अक्षर लिखिए।

अध्यापन संकेत : बच्चों से पूछिए कि रेलगाड़ी में बैठे जानवरों के नामों में कौन-से व्यंजन हैं और कौन-सी मात्राएँ हैं।

Scanned with CamScanner

गुनगुनाइए।

रेल चली

छुक-छुक, छुक-छुक रेल चली,
रेल चली, भई रेल चली।
पटरी पर आगे ही आगे,
हम सबकी बस रेल चली।
हेमा, चेतन, रेखा आते,
मिलकर सारे धूम मचाते।
झटपट भागे इनकी रेल,
रेल कराती सबका मेल।



अध्यापन संकेत : बच्चों को बताइए कि कविता में लय बनाने के लिए रेलगाड़ी के स्थान पर रेल का प्रयोग किया गया है।

Scanned with CamScanner